इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
INDORE SAHAKARI DUGDH SANGH MYDT.
An ISO 14001:2004, 22000:2005 & 9001:2008 Certified Organisation
GSTIN : 23AAAJI0016N1ZK
चांदा तलावली, मांगलिया, इन्दौर–453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, Indore-453771 (M.P.)
दूरभाष / Ph. : 0731-2802554, 2802535, 2811553, 2905775, 2811162, 2811132
फैक्स / Fax : 0731-2811559 ई–मेल / E-mail : sanchimsids@gmail.com
Toll Free No. 18002332535

इ.स.दु.सं.म / क्रय / 2020 / 026 दिनांकः21-11-2020

# ई–निविदा सूचना

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ इन्दौर द्वारा उसके मुख्य संयंत्र इन्दौर हेतु वेस्टर्न कोल फील्ड, महाराष्ट्र (चन्द्रपुर एवं वणी एरिया) के विभिन्न खदानों से कोयला ई–ऑक्शन के माध्यम से क्रय किया जाता है। इन्दौर दुग्ध संघ के वास्ते मध्यस्थता कार्य तथा वेस्टर्न कोल फील्ड द्वारा आवंटित कोयला के मात्रा को इन्दौर दुग्ध संयंत्र मांगलिया तक परिवहन उक्त कार्य की कार्यवधि सर्वप्रथम 3 वर्ष है जो कि कार्य संतोषप्रद होने की दशा मे आपसी सहमति से 1–1 वर्ष कर आगामी 2 वर्ष तक कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है, ई–निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य रू. 5000.00 ऑनलाइन जमा कर मध्यप्रदेश ई–प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाइट (**www.mptenders.gov.in**) से दिनांक 21/11/2020 से 14/12/2020 तक क्रय की जा सकती है। ई–निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण मध्यप्रदेश दुग्ध महासंघ की वेबसाइट (www.sanchidairy.com) पर देखा एवं पढ़ा जा सकता है। ई–निविदा प्रपत्र दिनांक 15/12/2020 को दुग्ध संघ कार्यालय में गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदाकार/अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी। निविदा की अमानत राशि रू. 2.00 लाख ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाओं को स्वीकार्य या अस्वीकार्य करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी इन्दौर दुग्ध संघ के पास सुनिश्चित रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
INDORE SAHAKARI DUGDH SANGH MYDT.
An ISO 14001:2004, 22000:2005 & 9001:2008 Certified Organisation
GSTIN : 23AAAJI0016N1ZK
चांदा तलावली, मांगलिया, इन्दौर–453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, Indore-453771 (M.P.)
दूरभाष / Ph. : 0731-2802554, 2802535, 2811553, 2905775, 2811162, 2811132
फैक्स / Fax : 0731-2811559 ई–मेल / E-mail : sanchimsids@gmail.com
Toll Free No. 18002332535

## ई–निविदा प्रपत्र

**निविदा कार्य – महाराष्ट्र की विभिन्न खदानों से इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित के इन्दौर संयंत्र तक कोयला परिवहन हेतु ई–निविदा।**

| | | |
|---|---|---|
| | ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य | रू. 5,000/–<br>(अक्षरी– रूपये पाँच हजार मात्र) |
| 1. | ई–निविदा प्रपत्र जारी करने की दिनांक एवं समय। | दिनांकः 21/11/2020, सुबह 11:00 बजे से |
| 2. | ई–निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांकः 14/12/2020, दोपहर 2.00 बजे तक |
| 3. | ई–निविदा प्रपत्र भरने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांकः 14/12/2020, दोपहर 2.00 बजे तक |
| 4. | ई–निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक एवं समय | दिनांकः 15/12/2020, दोपहर 3.00 बजे |
| 5. | ई–निविदा खुलने का स्थान | कार्यालय, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर (म.प्र.) 453771 |
| 6. | पत्र व्यवहार हेतु पता | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर (म.प्र.) 453771 |
| 7. | अमानत राशि | रूपये 2.00 लाख मात्र (रूपये दो लाख मात्र) |
| 8. | संलग्न प्रपत्र | 01– परिशिष्ट– (अ), सामान्य नियम एवं शर्त<br>02– परिशिष्ट– (ब)1 एवं 2, निविदाकर्त्ता की जानकारी (आवश्यक रूप से प्रत्येक निविदाकर्त्ता को भरना हैं।)<br>03– परिशिष्ट– (स), दर प्रपत्र केवल ऑनलाइन प्रस्तुत करें। |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर

—(1)—

# परिशिष्ट—'अ'

## सामान्य नियम एवं शर्तें

1. **निविदा कार्य :**

**(अ)** इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य संयंत्र इन्दौर, तक वेस्टर्न कोल फील्ड, महाराष्ट्र (चन्द्रपुर एवं वणी ऐरिया) से स्टीम कोल परिवहन का कार्य।

**(ब)** निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रूपये 5,000/— (रूपये पाँच हजार मात्र) हैं जो कि ऑनलाइन के माध्यम से निविदा क्रय की जा सकती हैं। निविदा प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि 14/12/2020 समय दोपहर 2:00 बजे तक हैं।

2. **निविदा दरें :** मुख्य संयंत्र हेतु दरें परिशिष्ट—'स' में केवल ऑनलाइन ही भरना है। निविदाकार स्वयं के लेटर पेड पर भरे गये प्रपत्र मान्य नहीं किये जायेंगे। निविदाकार दर प्रस्तुत करते समय सभी प्रकार के व्यय का विवरण GST रहित आवश्यक रूप से अंकित करें।

3. निविदा द्वारा अनुबंधित दरें अनुबंध दिनांक 01/02/2021 से तीन वर्ष के लिये प्रभावशील रहेगी, एवं कार्य संतोषप्रद होने की दशा में पूर्व अनुमोदित दर एवं शर्त पर आपसी सहमति अनुसार एक—एक वर्ष करके अनुबंध अवधि में अतिरिक्त दो वर्ष की वृद्धि की जा सकती हैं।

4. सशर्त निविदा दरें सीधे निरस्त की जायेगी। अतः निविदाकर्त्ता को संघ की निर्धारित शर्तों के अनुरूप दरें प्रस्तावित करना होगी।

5. अमानत राशि रू. 2,00,000.00 (रूपये दो लाख मात्र) आनलाईन जमा होने पर ही निविदा स्वीकार्य होगी। आनलाईन जमा की गई राशि की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्र के साथ ई—पोर्टल पर अपलोड़ किया जाना हैं।

6. बिना अमानत राशि की निविदाएँ अमान्य रहेगी और निरस्त मानी जावेगी। निविदा के प्रथम एवं द्वितीय न्यूनतम दर निविदाकारों की अमानत राशि को छोड़कर अन्य सभी निविदाकारों की अमानत राशि 30 दिवस में वापस कर दी जावेगी, जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

7. निविदाकर्त्तागण पिछले 7 वर्षो का परिवहन अनुभव सरकारी/अर्धसहकारी/PSU ईकाईयों के कार्यो के अनुबंध/Work order/Performance Report पत्र संलग्न करें। कोयला परिवहन के अनुभवी निविदाकर्त्ता को प्राथमिकता दी जावेगी।
निविदाकर्त्ता को PAN Card Copy, GST No., पिछले 2 वर्षो का IT Return, firm Registration detail, Form ब (1) एवं ब (2) भरकर एवं निविदा प्रपत्र की सभी पृष्ठों की हस्ताक्षर प्रति निविदा प्रपत्र के साथ आनलाईन और बंद लिफाफे में इस कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होंगे जिसके बिना निविदा प्रपत्र अस्वीकार किया जावेगा।

8. संघ द्वारा निविदा प्रपत्र में उल्लेखित शर्तों को निविदाकर्त्ता द्वारा दृढ़ता के साथ परिपालन करना अतिआवश्यक रहेगा। यदि कोई अनुबंधकर्त्ता शर्तों का परिपालन करने में असफल/अनियमित पाया गया तो किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के या बिना कारण दर्शाये अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार भी संघ को आरक्षित रहेगा। अनुबंधकर्त्ता के कारणवश संघ को किसी भी प्रकार की आर्थिक हानि पाये जाने पर प्रतिभूति राशि राजसात करने योग्य रहेगी।

9. ई–ऑक्शनः– संघ की आवश्यकतानुसार डब्ल्यू.सी.एल महाराष्ट्र की चन्द्रपुर एवं वणी खदान से कोयले आवंटन हेतु ई–ऑक्शन के द्वारा दरें भरकर न्युनतम दरों पर कोयला क्रय की कार्यवाही करने की जवाबदारी अनुबंधकर्त्ता की होगी, जिसका परिवहन करना एवं इसके डी.ओ. एवं देयकों का ब्यौरा एवं देयक प्राप्ति की व्यवस्था अनुबंधकर्त्ता को करनी होगी। एल.आर. के साथ कोलरी का गेटपास होना अनिवार्य है, इसके अभाव में कोयले की गाड़ी स्वीकार्य नहीं होगी। कम से कम दर पर उच्च गुणवत्ता के कोयला ई–ऑक्शन के द्वारा प्राप्त करना अनुबंधकर्त्ता का दायित्व रहेगा। सम्पूर्ण कार्यवाही ई–ऑक्शन से लेकर डी.ओ. तक कोयला कितने दिन में पूरा परिवहन किया जायेगा का स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य है। विलम्ब से कोयला प्राप्त होने पर आर्थिक दण्ड किया जावेगा। जो आपके द्वारा प्रस्तुत देयकों से कटौत्रा किया जावेगा।.

10. परिवहन की दर वर्तमान डीजल की दरों के अनुसार होगी। डीजल की दरों में परिवर्तन होने पर प्रति टन कोयले की मान से परिवहन दरों में परिवर्तन किया जायेगा। डीजल मुल्य बढ़ने/घटने पर परिवहन दरें 4 कि.मी. प्रति लीटर की डीजल की खपत के आधार पर प्रति ट्रक 25/35 मेट्रिक टन औसत कोल मात्रा पर निर्धारित की जावेगी।

11. परिवहन की अवधि में कोयले की गुणवत्ता एवं मात्रा में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होना चाहिये। गुणवत्ता का निरीक्षण संघ की समिति द्वारा किया जावेगा।

12. अनुबंधकर्त्ता को संपूर्ण कोयला खदान से आंवटित ग्रेड का प्रदाय करना होगा तथा यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कोयला उसी गुणवत्ता का प्रदाय हो। इसका परीक्षण वेस्टर्न कोल फील्डस की अधिकृत प्रयोगशाला अथवा प्रतिष्ठित प्रयोगशाला में कराया जा सकता है, जिस अनुसार आंवटित कोल के निम्न स्तर का पाये जाने पर जुर्माना वसूल किया जावेगा जिसकी, अधिकतम राशि कुल कोयले के मूल्य के बराबर हो सकती हैं।

13. दुग्ध संयंत्र पर पहुचने के पश्चात् तुलवाकर कोयला दुग्ध संयंत्र कोल यार्ड में परिवहनकर्त्ता द्वारा खाली करवाना होगा अर्थात अनलोडिंग व्यय परिवहनकर्त्ता को वहन करना होगा। अगर किसी परिस्थिति में परिवहनकर्त्ता द्वारा अनलोडिंग कार्य नहीं करवाया जाता है तो संघ द्वारा खाली करवाने पर होने वाले व्यय का कटोत्रा परिवहन देयक से किया जावेगा।

14. परिवहन की अवधि में कोयले की गुणवत्ता एवं मात्रा में किसी प्रकार परिवर्तन नहीं होना चाहिये। क्वालिटी का निरीक्षण संघ की समिति द्वारा किया जावेगा। यदि गुणवत्ता में अंतर पाया जाता है तो गुणवत्ता परीक्षण उपरांत अनुपात में राशि काटी जा सकेगी तथा जुर्माना भी लगाया जा सकेगा। निम्न गुणवत्ता का कोयला स्वीकार नहीं होगा। कोयले के वजन में कमी अधिक से अधिक 2ः (दो प्रतिशत) छूट योग्य रहेगी। इससे अधिक कमी होने पर उसकी वसूली कोल इण्डिया लिमिटेड की दर के अनुसार परिवहन के भुगतान में से की जावेगी। यदि वजन डिलीवरी चालान में अंकित मात्रा से अधिक पाया गया तो उस दशा में मूलतः रवाना की गई मात्रा के आधार पर ही भुगतान स्वीकृत परिवहन की दरों के आधार पर ही देय होगा। ट्रांसशिपमेंट (पल्टी) की स्थिति में अनुबंधकर्त्ता को उस स्थान का पूर्ण ब्यौरा देना होगा जिससे संघ के प्रतिनिधि की उपस्थिति में आवश्यक कार्यवाही की जा सकें।

15(अ). विभिन्न क्षेत्रों की खदानों से कोयला इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर परिवहन किया जाना हैं। दुग्ध संयत्रों को विभिन्न क्षेत्रों की खदानों से समय पर कोयला प्रदाय न होने की दशा में संघ को बाहर से कोयला क्रय करने पर होने वाले अतिरिक्त भुगतान की राशि निविदाकर्त्ता से वसूल की जावेगी।

15(ब). सर्वप्रथम अनुमोदित निविदाकर्त्ता को संघ द्वारा स्वीकृत दरों की सूचना प्रेषित की जावेगी, उसके अनुरूप अनुबंध के पूर्व राशि रू. 7,00,000.00 (रूपये सात लाख मात्र) सुरक्षा निधि के रूप में सूचना प्रेषित करने की तिथि से एक सप्ताह की समयावधि में अनिवार्य रूप से डी.डी. द्वारा जमा करना होगी, जो कि अनुबंधित अवधि (दो से पाँच वर्ष) के पश्चात् सफलतापूर्वक अनुबंध की शर्तों का परिपालन करने की अवस्था में बिना ब्याज के वापसी योग्य रहेगी।

15(स). परिवहनकर्त्ता को संबंधित क्षेत्र की खदानों के विक्रय विभाग के कार्यालयों में परमिट के साथ संलग्न ड्राफ्ट निर्धारित समयावधि में जमा करना अनिवार्य होगा, जिसका रोड़ रिलीज आर्डर मय नगदी रसीद के साथ संघ के कार्यालय को 15 दिवस की अवधि में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## रोड़ रिलीज कोल परिवहन कार्यः—

16.अ वेस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड के वर्तमान नियमों के अनुरूप कोयला प्राप्त कर इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर के गंतव्य स्थान तक परिवहन करना अति आवश्यक रहेगा। खदान के गेटपास में अंकित वाहन द्वारा ही कोयला स्वीकार किया जावेगा। महाराष्ट्र की खदानों से क्रय किये जाने वाले कोयले के गेटपास एल.आर. के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं।

16.ब विशेष परिस्थितियों में परिवहन किये जाने वाले वाहनों के नंबरों में परिवर्तन होने की सूचना परिवहन के पूर्व संघ कार्यालय में प्रेषित की जाना अनिवार्य होगी, जिसके अभाव में देयक पारित किया जाना संभव नहीं होगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी परिवहनकर्ता की होगी।

17. कोयले के परिवहन का भुगतान केवल निर्धारित शर्तों का परिपालन करने पर संबंधित अनुबंधकर्त्ता को न्यूनतम वजन का स्वीकृत दरों पर किया जाना संभव होगा। विवादास्पद वाहन का भुगतान शर्तों के अधीन निराकरण होने के पश्चात् ही देय होगा। प्राप्त कोयले का वजन खदान के प्रेषित विवरण क आधार पर ही देय होगा। प्राप्त कोयले का वजन खदान के गेटपास अथवा अन्य तौल रसीद में अंकित न्यूनतम वजन के आधार पर ही भुगतान योग्य होगा।

18. अनुबंधकर्त्ता को संपूर्ण आवंटित कोयला निर्धारित समयावधि में शीघ्रता से पहुँचाना होगा तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि, जमा राशि का माल पूर्ण रूप से खदानों पर से समय सीमा में उठाया जावें। यदि किन्ही अनियंत्रित परिस्थितियों में कोयला उठाना शेष रहता है, तो सक्षम अधिकारी से बेलेंस सर्टिफिकेट प्राप्त कर इस कार्यालय को सूचना देनी होगी।

19. अनुबंधकर्त्ता को प्रदाय किये गये रोड़ रिलीज ऑडर के कोल से संबंधित बेलेंस एवं रिफण्ड्स प्राप्त करने हेतु मध्यस्थता करनी होगी। बिल प्राप्त न होने की अवस्था में प्रतिभूति राशि लौटाने योग्य नहीं रहेगी।

## तौलने का कार्यः—

20. संघ को प्रदाय किये जाने वाले ट्रक का वजन संयंत्र में उपलब्ध तौल—काँटे पर संघ के प्रतिनिधि एवं सुरक्षा अधिकारियों की उपस्थिति में किया जायेगा, यदि किन्ही अपरिहार्य परिस्थितियों में तौल—काँटा खराब होगा, तो उस अवस्था में परिवहनकर्त्ता को निकट के सार्वजनिक तौल—काँटें पर वजन करवाना होगा तथा उसका व्यय भी स्वयं वहन करना होगा।

21. दुग्ध संयंत्र इन्दौर चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर पहुँचते ही प्रबंधक को कार्यालय/निवास पर दूरभाष द्वारा ट्रक पहुँचाने की सूचना प्रेषित करनी होगी और तौल करवाने के लिये आंमत्रित करना होगा।

## भुगतानः—

22. कोयले के परिवहन का भुगतान अनुबंधकर्त्ता को संबंधित माह की दिनांक 01 से 15 तक एवं 15 से 30/31 तक प्राप्त बिलों का भुगतान संबंधित कोलरी से मूल देयक प्राप्त होने के उपरांत ही किया जा सकेगा। किन्ही भी परिस्थितियों में अग्रिम रूप से परिवहन व्यय देय नहीं होगा।

01— अनुबंधकर्त्ता को आवंटन अनुसार कोयला प्रदाय करने की संपूर्ण जिम्मेदारी परिवहनकर्त्ता की होगी।

02— ई—ऑक्शन हेतु ईएमडी एवं कोयले के मूल्य हेतु डी.डी. बनवाने संबंधी सूचना 07 दिवस पूर्व कार्यालयीन कार्य दिवस में प्राप्त होना अनिवार्य हैं।

03— रोड़ रिलीज ऑडर हेतु डी.डी. प्रदाय दिनांक से 45 दिन के अंदर स्टीम कोल संघ को प्राप्त होना अनिवार्य हैं। खदानों से कोयला लिफ्टिंग कार्यक्रम की सूचना भी तत्काल प्रबंधक को देना होगी।

04— स्टीम कोल की गुणवत्ता, डी.ओ. में दर्शाये अनुसार चूरा, डस्ट पत्थर एवं स्लेज रहित कोयला संघ को प्राप्त होना चाहिए।

05— रिलिज ऑडर अनुसार समस्त मात्रा के कोयला प्रदाय करने की व्यवस्था परिवहनकर्त्ता द्वारा अपने स्तर से ही की जावेगी। संघ को नियमित रूप से

कोयला प्रदाय न करने की अवस्था में अन्य स्त्रोत से क्रय करने की स्थिति में अंतर की राशि की वसूली परिवहनकर्त्ता से की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी कोल एजेन्ट/ परिवहनकर्त्ता की होगी।

06— संघ द्वारा वेस्टर्न कोल फील्ड को जो भुगतान किया जाता है, उसके समायोजन पश्चात् शेष राशि की वसूली एजेंट/परिवहनकर्त्ता द्वारा की जावेगी, अन्यथा उक्त राशि की वसूली परिवहनकर्त्ता के देयकों से की जावेगी।

07— आवंटित डी.ओ. के देयक तथा अन्य दस्तावेज संघ को आवंटित कोयले परिवहन के एक सप्ताह में उपलब्ध कराना होगी। तदुपरांत ही परिवहन भुगतान किया जायेगा।

वैधानिक नियमानुसार टेक्स आदि का कटोत्रा संघ द्वारा किया जावेगा। संपूर्ण बिल प्राप्त होने पर अंतिम समायोजन के पश्चात् संबंधित धरोहर राशि वापसी योग्य रहेगी।

**आर्बीटेशन —** इस अनुबंध पत्र की किसी भी कण्डिका के पूर्ण अथवा किसी भी भाग की व्याख्या के कारण उत्पन्न हुये किसी भी विवाद का निराकरण पंचाट (आर्बीटेशन) के माध्यम से किया जावेगा। जिसकी अध्यक्षता, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर के अध्यक्ष/प्राधिकृत अधिकारी द्वारा की जावेगी जिसका निर्णय उभय पक्षों को बंधनकारी होगा। बिना कारण बताये निविदा को स्वीकृत/ अस्वीकृत/ आंशिक/ निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षकर्त्ता को आरक्षित रहेगा।

08— अनुमोदित परिवहनकर्त्ता को राशि रू. 1,000.00(रू. एक हजार मात्र) के नॉन जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर संघ के साथ अनुबंध करना अनिवार्य होगा, जिसकी नोटराइज भी कराना आवश्यक होगाजिसके अभाव में परिवहनकर्त्ता को कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।

**नोटः—** कृपया उपरोक्त सभी अनुबंधों के लिये प्रस्तावित दरें संलग्न प्रारूप में ई पोर्टल के माध्यम से एम.पी.टेंडर साईट पर समय सीमा में अपलोड किया जाये। निविदाकार के द्वारा उक्त निविदा प्रारूप का पूर्ण भरे हुए प्रतिलिपि (दर प्रपत्र को छोड़कर केवल तकनिकी एवं अन्य दस्तावेज) बंद लिफाफे में कार्यालय में दिनांक __________को दोपहर 1:30 बजे तक प्रस्तुत करें। संघ द्वारा चाही गई समस्त अंर्हतायें कम से कम तीन निविदाकारों के द्वारा पूर्ति करने पर ही दर प्रपत्र (परिशिष्ट 'स' ) खोला जायेगा, यह ध्यान रहे कि, ई पोर्टल के माध्यम से भरे हुए निविदा प्रपत्र के दर ही स्वीकार की जावेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित इन्दौर

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
INDORE SAHAKARI DUGDH SANGH MYDT.
An ISO 14001:2004, 22000:2005 & 9001:2008 Certified Organisation
GSTIN : 23AAAJI0016N1ZK
चांदा तलावली, मांगलिया, इन्दौर–453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, Indore-453771 (M.P.)
दूरभाष / Ph. : 0731-2802554, 2802535, 2811553, 2905775, 2811162, 2811132
फैक्स / Fax : 0731-2811559 ई–मेल / E-mail : sanchimsids@gmail.com
Toll Free No. 18002332535

इ.स.दु.सं.म / क्रय / 2020 / 026 दिनांकः21-11-2020

परिशिष्ट–(ब)
(ऑफर के साथ संलग्न करने हेतु)

फार्म–ब(1)

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**
**इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,** इन्दौर

**महोदय,**

मैं / हम नीचे हमारी कंपनी के बारे में जानकारी दे रहे है, जो कि हमारे द्वारा दिये जाने वाले प्रस्ताव का एक हिस्सा हैं।

01– फर्म का नाम ..........................................................

02– फर्म का पता ..........................................................

03– दूरभाष नंबर, फेक्स नंबर, मोबाईल नंबर ..........................................................
ई–मेल आय.डी. ..........................................................

04– कंपनी के मालिक / साझेदारों के नाम ..........................................................

05– फर्म का अधिकृत पंजीयन
प्रमाण पत्र (क्रमांक एवं दिनांक सहित) ..........................................................

06– क्या आपको या आपकी किसी कंपनी हाँ / नहीं
को इ.स.दु.सं. द्वारा या अन्य दुग्ध संघ की
ओर से अथवा भारत सरकार या म.प्र. शासन
द्वारा ब्लेक लिस्ट ठहराया गया हैं।
अगर हाँ तो कब और क्यों कारण का उल्लेख करें।

07– पेन नंबर (छायाप्रति संलग्न करे) ..........................................................

08– जी.एस.टी. पंजीयन क्रमांक(छायाप्रति संलग्न करे)..........................................................

कंपनी के अधिकृत अधिकारी
हस्ताक्षर एवं सील

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
INDORE SAHAKARI DUGDH SANGH MYDT.
An ISO 14001:2004, 22000:2005 & 9001:2008 Certified Organisation
GSTIN : 23AAAJI0016N1ZK
चांदा तलावली, मांगलिया, इन्दौर–453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, Indore-453771 (M.P.)
दूरभाष / Ph. : 0731-2802554, 2802535, 2811553, 2905775, 2811162, 2811132
फैक्स / Fax : 0731-2811559 ई–मेल / E-mail : sanchimsids@gmail.com
Toll Free No. 18002332535

**(ऑफर के साथ संलग्न करने हेतु)**
**फार्म–ब(2)**

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी** **दिनांक________**
**इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,** इन्दौर

महोदय,
मैं/हम नीचे हमारी कंपनी के बारे में जानकारी दे रहे हैं जो कि, हमारे द्वारा टेंडर से संबंधित दिये जाने वाले प्रस्ताव का एक हिस्सा हैं।
टेंडर नोटिफिकेशन नं. ................................ दिनांक ..................

01– हमारी फर्म द्वारा प्रदाय/परिवहन की जाने वाली वस्तुओं की जानकारी ............................................ ............................................
02– पिछले 7 वर्षों में आपके द्वारा प्रदाय/परिवहन अथवा कार्य में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि/रोक लगी है, तो उसका ब्यौरा देवें। ............................................ ............................................ ............................................
03– मौजूदा समय में आपके ग्राहक/क्लांइटस (सहकारी/पी.एस.यू.)के नाम (मय प्रमाणों के साथ)
1..........................................
2..........................................
3..........................................
4..........................................
5..........................................
04– क्या आपकी फर्म द्वारा किसी को–ऑपरेटिव संस्था या डेयरी को कोयला प्रदाय किया गया हैं। अगर हाँ तो विवरण देवें।
05– पेन नंबर एवं जी.एस.टी. नंबर ............................................

मैं/हमारे द्वारा टेंडर को अच्छी तरह से पढ़ कर दी हुई उपरोक्त जानकारी एक दम सही हैं।

**स्थानः–** **कंपनी के अधिकृत अधिकारी**
**दिनांकः–** **के हस्ताक्षर एवं सील**

# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
## INDORE SAHAKARI DUGDH SANGH MYDT.
An ISO 14001:2004, 22000:2005 & 9001:2008 Certified Organisation
GSTIN : 23AAAJI0016N1ZK

चांदा तलावली, मांगलिया, इन्दौर–453 771 (म.प्र.) Chanda Talawali, Manglia, Indore-453771 (M.P.)
दूरभाष / Ph. : 0731-2802554, 2802535, 2811553, 2905775, 2811162, 2811132
फैक्स / Fax : 0731-2811559 ई–मेल / E-mail : sanchimsids@gmail.com
Toll Free No. 18002332535


इ.स.दु.सं.म / क्रय / 2020 / 026 दिनांकः21-11-2020

परिशिष्ट – (स)

**निविदा (दर–प्रपत्र)**

निविदाकार का नाम :–...................................................................................... ।

| क्रमांक | कहाँ से | कहाँ तक | दर (प्रति मेट्रिक टन) (लोडिंग एवं अलोडिंग व्यय सहित) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | अंकों में | शब्दों में |
| 01 | डब्ल्यू.सी.एल. की खदान (महाराष्ट्र राज्य के चन्द्रपुर एवं वणी से) | इन्दौर सह दुग्ध संघ इन्दौर तक | | |

(उपरोक्त दरों में समस्त व्यय (G.S.T. छोडकर) एवं लोडिंग–अलोडिंग तथा एफ.ओ.आर दुग्ध संयंत्र रहेगा।)